जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा संचालित 'लिटिल एंजेल्स सेंटर' बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम शिक्षा का नवीन विकल्प

ग्रामीण 2.5 से 4 वर्ष के नौनिहालों को खेल खेल में व्यावहारिक एवं प्रारंभिक ज्ञान उपलब्ध कराना लक्ष्य

सेंटर से 493 बच्चों ने सफलतापूर्वक प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर अग्रणी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में अध्ययनरत





तमनार। जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा वर्तमान समय की मांग व आधुनिक शिक्षा के व्यवसायीकरण एवं क्षेत्रीय नौनिहाल बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में आधारभूत प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए तमनार क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में अंग्रेजी माध्यम के प्ले स्कूल ''लिटिल एंजेल सेंटर'' का संचालन किया जा रहा है। जहाँ क्षेत्र के शताधिक छोटे छोटे नौनिहाल बच्चें शहरों में स्थापित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के समतुल्य विद्यार्जन कर एक मजबुत बुनियाद व दक्षता के साथ जिला एवं जिले के बाहर के बड़े व स्थापित नामित विद्यालयों में दाखिला लेने में सफल हो रहे हैं। वर्तमान में विकासखण्ड तमनार के डोलेसरा, सलिहाँभाठा, कुंजेमुरा, लिबरा, बुड़िया एवं ग्राम छर्राटांगर में 06 ''लिटिल एंजेल सेंटर'' का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 175 नन्हें मुन्नें बच्चे विद्यार्जन कर अपने और अपने माता पिता का नाम रोशन करने के लिए तत्पर हैं। सत्र 2011 से प्रारंभ इन केन्द्रों में अब तक 944 बच्चों ने दाखिला लिया, जिसमें से 493 बच्चों ने सफलतापूर्वक प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर जिला एवं जिले से बाहर के विभिन्न नामचिन अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में दखिला लिया है।

इन प्ले सेंटर की मूल अवधारणा ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बच्चों के लिये शहरों की तर्ज पर शिक्षा का वातावरण तैयार करना, जहाँ पर आस पास के 2.5 से 4 साल के 20-30 बच्चों को जाने पहचाने वातावरण एवं विशेषज्ञ शिक्षक/शिक्षिका के देख रेख में 02-03 घंटे के समय अंतराल में प्रारंभिक व व्यावहारिक आवश्यक ज्ञान अर्जित करना है। इस शिक्षा पद्धति की दूसरी अवधारणा यह है कि स्थानीय बच्चों को प्रारंभिक व आवश्यक अंग्रेजी ज्ञान उपलब्ध कराना, जिससे कि बच्चे विभिन्न अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के स्तरीय विद्यालयों में आयोजित होने वाले प्रवेश परीक्षाओं में सफलता/दाखिला प्राप्त कर सकें। इस पद्धति का उद्देश्य पढ़ने और लिखने की तरह शैक्षिक कौशल का विकास नहीं है, वरन खेल खेल में व्यावहारिक एवं प्रारंभिक जानकारी से अवगत होना है।

उल्लेखनीय है कि संस्थान के निकटस्थ ग्रामों में ''लिटिल एंजेल सेंटर'' का संचालन पूर्व स्कूल शिक्षा को स्वयंशासी बनाने और इसके बेहतर संचालन के लिए संबंधित ग्राम की एक प्रबंधन समिति गठन कर इन सेंटर को संचालित करने के लिए जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। इस समिति में ग्राम सरपंच, सक्रिय प्रबुद्ध नागरिक एवं महिलाओं को मिलाकर 10 सदस्य सम्मिलित है। जिनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव का चयन किया गया है। समिति की माह में एक बार अनिवार्यत: बैठक किया जाता है। जिसमें संस्थान के मासिक गतिविधियों की समीक्षा की जाती है।

बच्चों में संस्थान के प्रति स्वामित्व लाने के लिए दाखिला शुल्क 200 रूपये एवं आंशिक सहयोग राशि प्रति माह 100 रूपये जमा किया जाता है। बच्चों द्वारा जमा सहयोग राशि की व्यवस्थित रख रखाव व देखरेख के लिए समिति के नाम से बैंक में बचत खोला गया है। वित्तीय संचालन एवं लेखा संधारण के लिए प्रबंधन समिति में से एक अलग समिति बनाई गई है। इस बचत खाता का प्राधिकृत हस्ताक्षरी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को नामित किया गया है। बच्चों को प्रदत्त शुल्क के बदले में रसीद प्रदान किया जाता है, जिसमें उनके द्वारा प्रदत्त शुल्क विवरण अंकित होती है।

संस्थान द्वारा संचालित इन प्ले स्कूल में आवश्यक संसाधन की उपलब्धता जैसे फर्नीचर, संसाधन व्यक्ति के लिए टेबल कुर्सी, पंखा, स्वच्छ पानी के लिए फिल्टर, अध्ययन, आलमारी, श्यामपट, डस्टर, चॉक, घंटी एवं सजावटी सामग्री फ्लेक्स बैनर आदि की व्यवस्था जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा की जाती है। वहीं गणवेष व अध्ययापन सामग्री की आंशिक राशि बच्चों द्वारा जमा की जाती है। आज जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वार संचालित अंग्रेजी माध्यम की ये प्ले सेंटर क्षेत्र के नौनिहाल बच्चों के लिए शिक्षा का एक बेहतर विकल्प के रूप में स्थापित हो चुकी है। जहाँ से प्रारंभिक एवं आधारभूत शिक्षा प्राप्त कर ये बच्चे आगे की पढ़ाई के लिए मजबुती से तैयार हो रहे हैं।